प्रेषक,

डा0 अनिता भट्नागर जैन,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- कुलपति,
उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई इटावा।

2- महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0।

3- कुलसचिव,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।

4- निदेशक,
एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ ।

5- निदेशक,
सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शिक्षण संस्थान, नोएडा।

6- निदेशक,
डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 **लखनऊः दिनांक 13 जून, 2017**

विषयः- वित्तीय वर्ष 2017-18 में अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत असाध्य रोगों के निःशुल्क उपचार हेतु मानक मद-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) में धनराशि की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए यह कहने का निदेश हुआ है कि संस्थान/विश्वविद्यालय/मेडिकल कालेज में आने वाले असाध्य रोगों से पीडित मरीजों की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित संस्थान/विश्वविद्यालय/मेडिकल कालेजों को उनके सम्मुख अंकित कुल धनराशि रू0 12,08,33,000/- (रूपया बारह करोड आठ लाख तैतिस हजार मात्र) स्वीकृत किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

क्र0	संस्था/विश्वविद्यालय/मेडिकल कालेज का नाम	धनराशि (लाख में)
1	किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।	300.00
2	एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ।	100.00
3	डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।	205.00
4	उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई इटावा।	100.00
5	सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शिक्षण स्थान, नोएडा।	20.00
6	हृदय रोग संस्थान, कानपुर।	200.00
7	राजकीय मेडिकल कालेज, इलाहाबाद।	20.00
8	राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर।	20.00
9	राजकीय मेडिकल कालेज, मेरठ।	20.00
10	राजकीय मेडिकल कालेज, आगरा।	20.00
11	राजकीय मेडिकल कालेज, गोरखपुर।	103.00
12	राजकीय मेडिकल कालेज, झांसी।	60.00
13	जे0के0 कैंसर संस्थान, कानपुर।	30.00
	योग-	1208.33

2- अवमुक्त की जा रही धनराशि बैंक/डाकघर/पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी। धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार करते हुए व्यय नियमानुसार सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- उत्तर प्रदेश में असाध्य रोगों के नि:शुल्क उपचार हेतु नियमावली- 2013 (यथासंशोधित) में निहित व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- संस्थान/विश्वविद्यालय का यह दायित्व होगा कि रोगी के उपचार का समस्त व्यय वहन करने तथा उसकी प्रतिपूर्ति/समायोजन शासन द्वारा आवंटित बजट की सीमा तक ही करेंगे एवं किसी एक वित्तीय वर्ष की लम्बित धनराशि अगले वित्तीय वर्ष में अग्रेनीत नहीं की जायेगी।

5- अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय उसी मद में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य मद में धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता होगी।

6- उक्त मद में अगली किस्त तभी निर्गत की जायेगी जब निर्गत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र तथा लाभार्थियों की सूची उपलब्ध करायी जायेगी।

7- वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2017/बी-1-02/दस-2017-231/2017, दिनांक 02 जनवरी, 2017 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

8- धनराशि को कोषागार से संस्थान/विश्वविद्यालय/मेडिकल कालेज के वित्त नियंत्रक/वित्त अधिकारी द्वारा आहरित किया जायेगा तथा बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे।

9- उक्त व्यय वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-31-चिकित्सा विभाग (चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण) के लेखाशीर्षक-"2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत-05-चिकित्सा,शिक्षा-प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-0368-असाध्य रोगों के इलाज हेतु नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा-20-सहायता अनुदान-सामान्य(गैर वेतन)" के नामे डाला जायेगा।

10- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-1/2017/बी-1-02/दस-2017-231/2017, दिनांक 02 जनवरी, 2017 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीया,

(डा0 अनिता भट्नागर जैन)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या- 48/2017/1665(1)/71-2-17-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन उ0प्र0 लखनऊ।
3. संबंधित कोषाधिकारी (लखनऊ/कानपुर/गौतमबुद्धनगर/मेरठ/झांसी/इटावा/इलाहाबाद/आगरा/गोरखपुर)।
4. संबंधित प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज (कानपुर/मेरठ/झांसी/इलाहाबाद/आगरा/गोरखपुर)।
5. निदेशक, हृदय रोग संस्थान/जे0के0 कैंसर संस्थान, कानपुर।
6. संबंधित वित्त अधिकारी/वित्त नियंत्रक।
7. वित्त ई-3/नियोजन अनुभाग-4/ (आय-व्ययक)-2
8. स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग उ0प्र0 लखनऊ।
9. प्रभारी अधिकारी, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(नीलेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।